


# जनसुनवाई में भीड़, कलेक्टर के प्रति विश्वास या निचले स्तर पर काम नहीं

## 953 आवेदकों ने सुनाई समस्या, कलेक्टर ने दो टूक कहा निराकरण न करने पर लगाया जाएगा अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान मेले जैसा नजारा देखने को मिला. शहर से लेकर जिले के अंतिम छोर से शिकायत लेकर जनता पहुंची थी. अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर की चौखट पर पहुंचने वाली भीड़ का कलेक्टर के प्रति विश्वास है या फिर निचले स्तर पर समस्याओं का निराकरण न होने का परिणाम, लिहाजा सुबह से लेकर शाम तक समस्याओं का आवेदन लेकर लोग ड़टे रहे.**

कलेक्टर की कार्यप्रणाली से लोगो में विश्वास जगा है यही वजह है कि जनसुनवाई में भीड़ उमड़ रही है. लेकिन नीचे स्तर पर काम न होना अपने आप में एक बड़ा सवाल है. अगर काम होता तो जनता कलेक्ट्रेट क्यो आती. 953 आवेदको ने अपनी समस्याएं सुनाई. गत मंगलवार को 550 से अधिक शिकायते पहुंची थी और लगातार शिकायतो का ग्राफ बढ़ता जा रहा है. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी खुद समस्या सुनते है और निराकरण कराते है. यही वजह है कि लोगो को उम्मीद जगी है और लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है. कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें. नियत समय में निराकरण न करने पर संबंधित अधिकारी से अर्थदण्ड की वसूली की जाकर संबंधित आवेदक को राशि प्रदान करायी जायेगी. जनसुनवाई में कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वामित्व के खातेदार को ही संबंधित भूमि की अधिकारिता सुनिश्चित हो उसमें यदि अन्य की अधिकारिता दर्ज होगी तो कठोर कार्यवाही की जायेगी. कलेक्टर ने कहा कि जो भी शिकायते है उनका त्वरित निराकरण किया जाय.



### कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंचकर की जनसुनवाई

जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अत्यधिक भीड़ होने पर कलेक्टर स्वयं बाहर आ गये तथा भीड़ के बीच पहुंचकर जनसुनवाई की और आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये. जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं.

**दिव्यांग रूचि को कलेक्टर ने सरकारी गाड़ी से भेजा घर**

जनसुनवाई में सिरमौर के गोदहा निवासी अर्जुन तिवारी अपनी दिव्यांग बेटी रूचि तिवारी को लेकर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम न होने का आवेदन दिया. साथ ही दो हजार रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया. गरीब और दिव्यांग बेटी के परिवार से इस तरह की मांग पर कलेक्टर नाराज दिखे और 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है. कलेक्टर ने सीईओ जनपद को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा तहसीलदार रीवा के शासकीय वाहन से दिव्यांग रूचि व उसके पिता को गृह ग्राम तक भिजवाया.



# इस सीजन का सबसे गर्म रहा दिन तापमान पहुंचा 45 डिग्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, देश भर में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है आसमान से आग बरस रही है. दोपहर गर्म हवाओ और धूप से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है. हालत यह है कि दोपहर सड़को में सन्नाटा रहता है और दिन के साथ-साथ अब रात में भी अच्छी खासी गर्मी रहती है.**

इस सीजन का सबसे गर्म दिन मंगलवार को रहा. तापमान 45 डिग्री पहुंच गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रहा. इसी तरह 12 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं दिन भर चली. एक दिन पूर्व सोमवार को 44.5 डिग्री तापमान था, लेकिन दूसरे दिन सीधे 45 डिग्री पहुंच गया. नौतपा के समय 47 डिग्री तापमान पहुंचने की उम्मीद है. सुबह 7 बजे तक तेज धूप हो जाती है बाहर निकलने पर लगता है शरीर जल जाएगा. आसमान से आग बरस रही है इस भीषण गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल है. दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहता है और लोग सर ढ़क कर निकल रहे है. पिछले तीन दिन से गर्मी ने हालत खराब कर दी है.

तेजी से तापमान बढ़ता जा रहा है पहली बार है जब 45 डिग्री तापमान जिले का पहुंचा है, अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नही है. हालत यह है कि एसी-कूलर तक काम नही कर रहे है. रात का तापमान भी 27 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका है, गर्मी से राहत नही मिल रही है. एक ओर जहा गर्मी ने हाल बेहाल किया है वही जलसंकट से भी लोग परेशान है. भूमि गत जल स्तर नीचे खिसक गया है जिसके कारण हैण्डपम्प काम नही कर रहे है. तीन दिन से पड़ रही गर्मी ने सभी की हालत खराब कर दी है.

# तीसरे दिन एसपी के आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साव में एक अधेड़ व्यक्ति की खेत में हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद तीन दिनों तक चल तनाव की स्थिति के बीच सुबह एसपी पहुंचे और आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार हुआ.**

पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह द्वारा दिए गए आश्वासन और समझाइस के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है. मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया गया है. बतादें ग्राम साव निवासी तेजभान कुशवाहा कुशवाहा का शव उसी के खेत में तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था. जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पड़ोसियों पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए पहले दिन भी सड़क पर शव रखकर चकाजाम कर दिया. जबकि दूसरे दिन पीएम करने के बाद शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया और आज तीसरे दिन भी शव के अंतिम संस्कार किए जाने की स्थिति नहीं दिख रही थी. जिसके बाद पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह खुद घटनास्थल पहुंचे और परिजनों से बात करते हुए उन्हें आश्वासन दिया साथ ही समझाइस दी जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है. परिजनों द्वारा पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया गया था और हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किए जाने की मांग की जा रही थी.

# जिला प्रभारी मधु शर्मा आज लेंगी संगठन की बैठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं सिंगरौली की वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट मधु शर्मा को महिला कांग्रेस रीवा जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है.**



नियुक्ति के उपरांत एडवोकेट मधु शर्मा 20 मई को रीवा पहुंचेंगी. उनके आगमन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय रीवा में दोपहर 3:00 बजे महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई है. यह बैठक महिला कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है.


## संक्षिप्त

### फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने आज लगेंगे शिविर

**रीवा,** शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है. इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है. रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई को तहसील हुजूर ग्रामीण में ग्राम पंचायत स्तर पर अंतिम शिविर लगाए जाएंगे. फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 20 मई को तहसील हुजूर ग्रामीण में बम्हनगवां, चुंआ, कनौजा, दूबी, बिहरिया, अटरिया, सुपिया तथा टीकर में शिविर लगेंगे. इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है.

### भगवान हमारे भीतर छिपे हैं : घनश्यामाचार्य

**रीवा,** जनता कालेज गेट के पास अनंतपुर में कथा में व्यासपीठाचार्य श्रीमज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने कहा कि जिसने भी अपने जीवन में भगवान को सच्चे हृदय से पुकारा है, उसने उस दिव्य आनंद की अनुभूति की है वह आनंद कोई बाहरी वस्तु नहीं, बल्कि हमारे ही भीतर छिपा है. भगवान उस स्रोत का नाम है, जहाँ से यह अनंत शांति और सुख प्रवाहित होता है. इसलिए कहा गया है 'भगवान आनंद का सागर हैं.' उसमें डूब जाना ही मोक्ष है, उसमें विलीन हो जाना ही सच्चा जीवन है. घनश्यामाचार्य महाराज ने बताया कि मानव जीवन में संतों का दर्शन और भगवान की कथा का श्रवण सबसे दुर्लभ और महान कृपा है. यह केवल भाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है. संसार में धन, पद और प्रतिष्ठा का होना कोई विशेष बात नहीं है, क्योंकि ये सब नश्वर हैं. वास्तव में महत्वपूर्ण है - धर्म के मार्ग पर चलना, अपने कर्तव्यों का पालन करना और जीवन को आध्यात्मिक दिशा में मोड़ना. आज के समय में हम में से बहुत से लोग भक्ति को भी अपनी सुविधा और पसंद के हिसाब से करने लगे हैं. भक्ति का अर्थ है समर्पण - अपने अहंकार, इच्छाओं और पसंद-नापसंद को छोड़कर भगवान के चरणों में झुक जाना. लेकिन आजकल हम भक्ति में भी 'चॉइस' लाने लगे हैं. भगवान कोई वस्तु नहीं हैं, जो हमारी मर्जी के अनुसार बदलें. भक्ति का अर्थ है उनकी इच्छा को समझना, न कि अपनी इच्छा उन पर थोपना. श्रीमद भागवत कथा 26 तक चलेगी



### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नगरीय निकायों व पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 का कार्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जाना है. नगरीय निकायों व पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के संदर्भ में 20 मई को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है.



### कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग को मिली ट्राईसाइकिल

**रीवा,** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग, वैशाखी, कान की मशीन के साथ ट्राईसाइकिल (तिपहिया साइकिल) और बैटरी से चलने वाली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भी प्रदान की जाती है. इसका मुख्य उद्देश्य नि:शक्त दिव्यांग व्यक्तियों की गतिशीलता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है. अमिलकी सेमरिया निवासी प्रदीप कोरी द्वारा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के समक्ष जनसुनवाई में किए गए आवेदन के पर दिव्यांग को तिपहिया साइकिल प्रदाय की गई. इस दौरान रेड़क्रॉस के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, वाइस चेयरमैन डॉ ए के खान, सचिव राजेंद्र प्रसाद पांडेय, कोषाध्यक्ष एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रशांत जैन मौजूद रहे.



कालेज चौराहे के पास एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस

# कमिश्नर तथा अन्य अधिकारी साइकिल और ईव्ही से पहुंचे कार्यालय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमजनता से पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में सयंम की अपील की है. रीवा में पेट्रोलियम पदार्थों की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अगस्त 2025 से लगातार सुमंगल साइकिल दिवस मनाया जा रहा है.**



कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल पर मंगलवार को संभागीय अधिकारी साइकिल, ई रिक्शा अथवा इलेक्ट्रानिक वाहन से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं. सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर श्री जामोद, खनिज अधिकारी बसंतराम, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा टीएन टेकाम तथा अन्य अधिकारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. रीवा में पिछले 40 सप्ताहों से सुमंगल साइकिल दिवस के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम पदार्थों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया जा रहा है. कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि अधिकारी, कर्मचारी और आमजन सभी सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहन के उपयोग के स्थान पर साइकिल तथा इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें. पेट्रोलियम की बचत के छोटे-छोटे प्रयासों से हम देश के विकास में बड़ा योगदान दे सकते हैं.

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोकने पुलिस ने चलाया वाटर कैनन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में एनएसयूआई की रीवा जिला इकाई ने उग्र प्रदर्शन किया है.**

कालेज चौराहा के आगे एनएसयूआई कार्यकर्ता नही निकल पाए. पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किये थे. एनएसयूआई के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता आज शहर में रैली निकाल कर डिप्टी सीएम के आवास का घेराव करने निकले थे, तभी पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया, जिस दौरान भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को प्रदर्शनकारीयो के ऊपर वाटर कैनन का प्रयोग करना पड़ा है. प्रदर्शन में शामिल एनएसयूआई के पदाधिकारीयों ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में भाजपा के ही करीबी लोग शामिल है, जिसके चलते ना तो भाजपा के नेता और ना ही सरकार के मंत्री इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ हुई इतनी बड़ी घटना के बावजूद भी मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल का छात्रों के पक्ष में अब तक कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई. फिलहाल आज रीवा जिला इकाई एनएसयूआई छात्र संगठन के पदाधिकारीयों ने डिप्टी सीएम के आवास का घेराव करने का प्रयास किया है, जिस दौरान पुलिस ने डिप्टी सीएम के आवास की ओर जा रही भीड़ को कॉलेज चौराहे के पास ही रोक दिया और भीड़ पर काबू पाने वाटर कैनन का प्रयोग किया है.

विरोध प्रदर्शन में शामिल एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा के लोगों ने पहले शिक्षा बेचीं और अब पेपर बेच रहे हैं, बावजूद इसके जनप्रतिनिधि सो रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब-जब घोटाला होगा तब तक तब एनएसयूआई आंदोलन के लिए खड़ी रहेगी.

# डम्पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घुसा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, मंगलसवार को सुबह-सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. जब कोयले से लोड एक भारी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा घुसा.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक एमपी 19 एचए 4718 सीधी से रीवा की ओर जा रहा था. इसी दौरान ने. हा. 39 त्रिदेव ढाबा से कुछ दूरी पर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे उतर गया. घटना के समय सड़क पर अन्य वाहन भी गुजर रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सडक पर चल रहे कई वाहन चालक बाल-बाल बच गए. हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने या किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है. स्थानीय लोगों के अनुसार, वाहन किस कारण अनियंत्रित हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है. घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई.

# समय पर सम्पत्तिकर जमा कर छूट का उठाएं लाभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, वित्तीय वर्ष 2026-2027 का सम्पत्ति कर जमा करने पर माह मई 2026 में 6 प्रतिशत मूल सम्पत्तिकर पर छूट दी जा रही है.**

नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2026-2027 का सम्पत्तिकर जमा नहीं किए हैं, वह माह मई 2026 में 6 प्रतिशत छूट के साथ जमा कर सकते हैं. साथ ही ऐसे भवनस्वामी जो स्वयं निवास करते हैं उन्हे 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जा रही है. गौरतलब है कि दोनो छूट मिलाकर माह मई में 56 प्रतिशत की छूट मूल सम्पत्तिकर पर भवनस्वामियो को दी जा रही है. साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्होने वर्ष 2025-26 तक का सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, वह शीघ्र राशि जमा करें, अन्यथा उनके भवन/ प्रतिष्ठान में तालाबन्दी/ कुर्की की भी कार्यवाही की जावेगी. निगम आयुक्त अक्षत जैन ने रीवा शहर के नागरिकों से अपील किया है कि वह अपने भवन का सम्पत्तिकर जमा करे.

# निगम आयुक्त की पहल : जनता की शिकायत सुनने खुद मोहल्ले में पहुंचे अधिकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, निगम आयुक्त अक्षत जैन की पहल पर अब जनता की शिकायत सुनने अधिकारी खुद मोहल्ले पहुंचेगे और मौके पर निराकरण करेंगे.**



जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से विशेष पहल शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत अब नगर निगम की सुनवाई केवल कार्यालयों तक सीमित न रहकर सीधे वार्डों और मोहल्लों तक पहुंच रही है. निगम आयुक्त के निर्देश के बाद सभी अधिकारी-कर्मचारी मंगलवार को फील्ड पर पहुंचे. निगम आयुक्त ने निर्देश दिए थे कि फील्ड का प्रत्येक अमला मंगलवार को पूरे दिन क्षेत्र भ्रमण कर जनता से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करेगा. इसी तारतम्य में मंगलवार को नगर निगम रीवा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने निर्धारित वार्डों में पहुंचकर जनता से प्राप्त आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की. नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर शिकायतों का निराकरण किया. अक्षत जैन ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है. अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्याओं का निराकरण करे.

# मारपीट के बाद लापता युवक का शव बीहर नदी में मिला, हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, रीवा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निपनिया मोहल्ले में 2 दिन पूर्व हुई मारपीट के दौरान लापता युवक का शव बीहर नदी में पाया गया है.**

मृतक के शरीर पर चोट के निशान है मौके पर पुलिस पहुंची है और शव को नदी से बाहर निकाल कर पीएम के लिए अस्पताल भेजा. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निपनिया मोहल्ले में दो दिन पूर्व दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ था.

इस दौरान अमहिया मोहल्ला निवासी लाल उर्फ रितेश चौधरी लापता हो गया था. घटना के दो दिन बाद उसका शव करहिया स्थित बिहर नदी में देखा गया. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शव नदी में देखे जाने की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और युवक के शव को नदी से बाहर निकाला है जिसके बाद उसकी पहचान लाल उर्फ रितेश चौधरी के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है. फिलहाल पुलिस सब को पीएम के लिए अस्पताल भेज दी है और पूरे मामले की जांच कर रही है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई. लापता होने के बाद युवक की तलाश परिजन सभी जगह कर रहे थे. लेकिन कही पता नही चला. इसके बाद बीहर नदी में शव मिलने पर पूरे मोहल्ले में हडकम्प मच गया.

# तेज रफ्तार के चलते तीन वाहनों में हुई टक्कर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 मई, मऊगंज जिले के वारांव मोड़ पर भीषण सड़क हादसा हुआ है.**

यहां टेलर, कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. तीनों वाहनों की टक्कर से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ है. जिसे स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है. इस दौरान समाजसेवी बेटा खान ने मानवता और तत्परता का परिचय देते हुए निजी कार से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया.

अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर घायल को रीवा रेफर कर दिया है. हादसे की वजह तेज रफ्तार को माना जा रहा है.